मा0 प्रधानमंत्री जी

द्वारा

# चौरी चौरा शताब्दी महोत्सव

# गोरखपुर

## शुभारम्भ

दिनांकः 04 फरवरी, 2021, गुरूवार

स्थानः शहीद स्मारक चौरी-चौरा, गोरखपुर (उत्तर प्रदेश)

स्वरवतै : स्वराष्ट्रं रक्षेत

चौरी चौरा 100 महोत्सव





# ऐतिहासिक पृष्ठभूमि

- उत्तर प्रदेश के जनपद गोरखपुर में स्थित चौरी–चौरा में असहयोग आंदोलन के दौरान दिनांक 04 फरवरी, 1922 को आमजन ने अंग्रेजों के विरूद्ध स्वतन्त्रता संघर्ष में एक पुलिस थाने में आग लगा दी थी।

- अंग्रेजो द्वारा इस घटना के लिए 225 लोगों के विरूद्ध मुकदमा चलाया गया था। महामना मदन मोहन मालवीय एवं अन्य विद्वान अधिवक्ताओं की कुशल पैरवी से 206 लोग बरी किये गये थे। अंग्रेजों द्वारा 19 लोगों को फाँसी की सजा दी गयी।

- इस आन्दोलन ने आमजन को अपनी स्वतंत्रता एवं स्वाभिमान के लिए संघर्ष करने की प्रेरणा दी, जिसका प्रभाव सम्पूर्ण देश के स्वाधीनता आन्दोलन पर पड़ा।

# ‘चौरी चौरा शताब्दी महोत्सव’

# आयोजन की रूपरेखा

(04 फरवरी, 2021 – 04 फरवरी, 2022)

- चौरी चौरा की घटना के 100वें वर्ष में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा ‘‘चौरी चौरा शताब्दी महोत्सव’’ का आयोजन किये जाने का निर्णय लिया गया है।

- मा0 राज्यपाल जी की अध्यक्षता में 26 (छब्बीस) सदस्यीय ‘राज्य स्तरीय आयोजन समिति’ का गठन।
- मा0 मुख्यमंत्री जी की अध्यक्षता में 30 (तीस) सदस्यीय ‘राज्य स्तरीय कार्यकारी समिति (इक्जीक्यूटिव कमेटी)’ का गठन।

- सभी 75 जनपदों में जिलास्तरीय आयोजन समितियों का गठन।

# चौरी चौरा शताब्दी महोत्सव, गोरखपुर
# के मुख्य आयोजन

- प्रातः 8:30 बजे से 10:00 बजे तक विभिन्न स्कूलों के छात्र–छात्राओं एवं लोक कलाकारों द्वारा चौरी चौरा स्मारक तक प्रभात फेरी।
- पूर्वाह्न 10:00 बजे से वन्दे मातरम् का समवेत गायन।
- पूर्वाह्न 10:15 बजे से शहीदों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिजनों का सम्मान।
- पूर्वाह्न 11:00 बजे से माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा शुभारम्भ।
- रणभेरी – अपराह्न 4:00 बजे से सायं 5:30 बजे तक देशभक्ति पर आधारित राष्ट्रीय कवि सम्मेलन।
- सायं 5:30 बजे से 6:00 बजे तक पुलिस बैण्ड द्वारा राष्ट्रधुन वादन।
- सायं 6:30 बजे से चौरी चौरा शहीद स्मारक पर दीप प्रज्ज्वलन।
- अन्य कार्यक्रम–
  1. स्वतन्त्रता संग्राम पर आधारित ऐतिहासिक अभिलेखों की प्रदर्शनी का आयोजन।
  2. सूचना विभाग, भाषा विभाग, हिन्दी संस्थान तथा अन्य स्वतन्त्र प्रकाशकों द्वारा राष्ट्रीय स्वतन्त्रता संग्राम पर आधारित पुस्तकों की प्रदर्शनी एवं विक्रय।

# क्षण-प्रतिक्षण कार्यक्रम का प्रारूप

| | |
|---|---|
| 11:00 | कार्यक्रम के मुख्य अतिथि माननीय प्रधानमंत्री जी का एन0आई0सी0 वेबलिंक के माध्यम से चौरी चौरा, गोरखपुर से जुड़ना। |
| 11:01 | राष्ट्रगीत 'वन्दे–मातरम' का गायन। (उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, चौरी चौरा गोरखपुर के विद्यार्थियों एवं कलाकारों द्वारा) |
| 11:04 | चौरी चौरा ''थीम सांग'' पर विद्यार्थियों की सांगीतिक प्रस्तुति। |
| 11:09 | माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा स्वागत संबोधन। |
| 11:19 | माननीय राज्यपाल महोदया द्वारा उद्बोधन। |
| 11:29 | माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा चौरी चौरा पर आधारित डाक टिकट का विमोचन। |
| 11:30 | माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा आशीर्वचन। |

# सहभागिता

**चौरी चौरा कार्यक्रम में निम्न महानुभावों द्वारा सहभाग किया जायेगा–**

- मा0 राज्यपाल महोदय, उत्तर प्रदेश।
- मा0 मुख्यमंत्री महोदय, उत्तर प्रदेश।
- मा0 मंत्रीगण, मा0 सांसदगण, मा0 विधायकगण, उत्तर प्रदेश एवं अन्य जन प्रतिनिधिगण।
- शहीदों व स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारीजन।
- प्रदेश के समस्त 75 जनपदों के शहीद स्मारकों, शहीद ग्राम स्थलों पर स्कूल व अन्य शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थी एवं अन्य नागरिकगण।
- दूरदर्शन एवं आकाशवाणी आदि के माध्यम से सजीव प्रसारण द्वारा समस्त 75 जनपदों के प्रतिभागियों की उपरोक्त कार्यक्रम में सहभागिता।

# सम्पूर्ण वर्ष के आयोजन

- प्रदेश के प्रत्येक जिले के शहीद स्थलों/ग्रामों/स्मारकों पर सम्पूर्ण वर्ष 'स्वतन्त्रता संग्राम कैलण्डर' के अनुसार चिन्हित तिथियों पर आयोजन।

- शहीद स्थलों/शहीद ग्रामों/स्मारकों पर सप्ताह में एक दिन सायं 5.30 से पुलिस बैण्ड द्वारा राष्ट्रधुन की प्रस्तुति।

- शहीदों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के परिवारीजनों को स्मृति चिह्न एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया जायेगा।

- 4 फरवरी 2021 को प्रदेश के सभी शहीद स्थलों/शहीद ग्रामों/स्मारकों में सायं 6:30 बजे दीप प्रज्ज्वलन किया जाना।

- प्रदेश के प्रमुख शहीद स्थलों यथा चौरी चौरा गोरखपुर, शाहजहाँपुर, मेरठ, प्रयागराज, झांसी एवं लखनऊ आदि में ध्वनि एवं प्रकाश के कार्यक्रमों का आयोजन।

# धन्यवाद

संस्कृति विभाग, उत्तर प्रदेश